पेज थ्री देहरादून

देहरादून बृहस्पतिवार 19 नवंबर 2020





प्रेस वार्ता करते हुए आप के कार्यकर्ता।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस कमेटी आज करेगी गोष्ठी आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्म दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी गुरुवार को गोष्ठी आयोजित करेगी। कांग्रेस नेता महेश जोशी ने बताया कि प्रथम महिला प्रधानमंत्री जिनका विश्व ने उनकी कार्यप्रणाली व मजबूत निर्णय की सराहना की। उनके जन्म दिवस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को सुबह साढ़े दस बजे इंदिरा मार्केट में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद कांग्रेस भवन में विचार गोष्ठी आयोजित होगी। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

### परिसंपत्तियों के मामले में जनता को गुमराह न किया जायेः आप

**संवाददाता** देहरादून। दून में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विशाल चौधरी और उमा सिसोदिया ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को परिसंपत्तियों के मामले में जनता को गुमराह न किया जाये और जनता के सामने सच्चाई रखी जाये। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आप प्रवक्ता उमा सिसोदिया ने वार्ता करते हुए कहा कि परिसंपत्तियों के मामले में दोनों मुख्यमंत्रियों को साझा प्रेस वार्ता कर ,कितने मामलों का निस्तारण हो चुका और कितने मामले अभी बाकी है उन पर सही जानकारी देने की मांग की है ।

### सालावाला पुल पर फेंसिंग न लगने से दुर्घटनाएं हो रही है

**संवाददाता** देहरादून। क्षेत्रीय विधायक एवं क्षेत्रीय सांसद निष्क्रियता के चलते लंबे समय से दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा सालावाला पुल पर फेंसिंग न लगने से दुर्घटनाएं हो रही है। पंडित मनीष गौनियाल के प्रयासों से फेसिंग लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया और जिसका उद्घाटन पंडित गौनियाल एवं क्षेत्रवासियों ने किया।

### पार्टी की मजबूती को अभियान चलाया जायेगा

**संवाददाता** देहरादून, 18 नवम्बर। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्य (आरजेपी) के राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा ने कहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में पार्टी की मजबूती को अभियान चलाया जायेगा। डेढ़ वर्ष पूर्व पार्टी की स्थापना की गई और पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवती राणा के नेतृत्व में पिछले वर्ष हरियाणा विधानसभा चुनाव में आठ विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे और पार्टी के प्रत्याशी जीत तो नहीं पाये पर 12.4 प्रतिशत मत हासिल कर मुख्य विपक्षी पार्टी एनडीए को काफी सीटों पर हार का मुंह देखना पडा।

# सार्वजनिक स्थल पर एकजुट होकर अर्घ्य देने पर प्रतिबंध

**गाइडलाइन**

■छठ को लेकर दून जिला प्रशासन ने जारी की गाइडलाइन

■आदेश में यह भी कहा गया है कि कंटेनमेंट जोन में पूजा का आयोजन प्रतिबंधित रहेगा



**संवाददाता**

देहरादून। लोक आस्था का छठ महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। पर्व की खुशियों पर कोरोना संक्रमण का साया न मंडरा पाए, इसको लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। छठ पर नदी, नहरों किनारे, घाट आदि पर बड़ी संख्या में लोग एकजुट होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण बढ़ सकता है। लिहाजा, प्रशासन ने सार्वजनिक स्थल पर एकजुट होकर अर्घ्य देने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल ने बुधवार को जारी आदेश में कहा कि सभी लोग अपने–अपने घरों पर रहकर ही पूजन करेंगे और सूर्य को अर्घ्य देंगे। घरों में आसपास भी लोग सीमित संख्या में एकत्रित होंगे और शारीरिक दूरी के नियमों का पालन कर अनिवार्य रूप से मास्क पहनेंगे। इसके अलावा 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का पूजा के दौरान उचित ध्यान रखने और 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को पूजन से दूरी बनाकर रखने की सलाह दी गई है।

आदेश में यह भी कहा गया है कि कंटेनमेंट जोन में पूजा का आयोजन प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी तरह के नियम के उल्लंघन पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**छठ पूजा को लेकर जारी दिशा-निर्देश**

- ■घरों पर रहकर ही दिया जाएगा अर्घ्य।
- ■दो गज की दूरी और मास्क जरूरी।
- ■कंटेनमेंट जोन में छठ पूजा का आयोज पूरी तरह प्रतिबंधित।
- ■सभी श्रद्धालु छठ पूजा के कार्यक्रम के दौरान अधिक संख्या में घरों में एकत्रित न हों।
- ■दस वर्ष से कम आयु के बच्चों का छठ पूजा कार्यक्रम के दौरान विशेष ख्याल रखा जाए।
- ■65 वर्ष से अधक आयु की महिलाओं और पुरुषों को अपने स्वास्थ्य के लिए इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखना बेहतर होगा।
- ■समय–समय पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन के जरिए जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना बेहद जरूरी है।

### विद्युत दरें 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी, जनता की परेशानियों में होगा इजाफ

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की जनता पहले ही अत्याधिक महंगी बिजली की मार से त्रस्त है, वहीं यूपीसीएल ने विद्युत दरें 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी कर जनता की परेशानियों में इजाफा करने का काम शुरू कर दिया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए यूपीसीएल द्वारा प्रस्तावित विद्युत दरें बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव कुछ दिनों बाद विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत होगा। नेगी ने कहा कि पहले ही सरकार ने कई तरह के स्लैब यूनिट्स के आधार पर किए हुए हैं तथा फिक्स्ड चार्जेस भी यूनिट के हिसाब से तय कर रखे हैं इसके अलावा विद्युत कर इत्यादि लगाकर जनता को लूटने का काम क्या हुआ है।

नेगी ने कहा कि सरकार की लापरवाही एवं विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत एवं ढींगामस्ती की वजह से लाइन लॉस विद्युत चोरी रुक नहीं पा रही है, जिसका ठीकरा जनता के सिर पर प्रतिवर्ष फोड़ा जाता है। नेगी ने कहा है कि नतीजा यह कि विभाग को प्रतिवर्ष विद्युत दरें बढ़ानी पड़ रही हैं।

# गैरसैंण उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के भावनाओं का प्रतीक

**सम्मान**

■ गैरसेंण को ग्रीष्म कालीन राजधानी विकसित करने को लेकर स्पीकर सम्मानित

ऋषिकेश। **संवाददाता**



जनकल्याण नव चेतना विकास समिति के तत्वाधान में गुमानीवाला में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर समिति द्वारा विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल का गैरसेंण को ग्रीष्म कालीन राजधानी विकसित करने को लेकर सम्मानित किया गया स इस अवसर पर अग्रवाल ने गुमानीवाला में आंतरिक 400 मीटर मोटर मार्ग निर्माण के लिए विधायक निधि से 11लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की। सम्मान समारोह के अवसर पर समिति के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के भावनाओं के अनुरूप प्रदेश सरकार ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया। उन्होंने इसका श्रेय विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल को दिया। उन्होंने कहा है कि उन्होंने हमेशा गैरसैंण को राजधानी स्थापित करने की वकालत की है।

समिति के सचिव एवं गुमानीवाला के प्रधान राजेश व्यास ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा है कि गुमानीवाला में विद्युत विभाग द्वारा बंचिंग केवल, का कार्य किया गया है पेयजल आपूर्ति के लिए 22.5 करोड रुपये की पेयजल योजनाएं भी गुमानीवाला में बनने जा रही है । जबकि ऋषिकेश विधानसभा में 66 किलोमीटर मोटर मार्गो का निर्माण 13.5 करोड़ से किया जाएगा। उन्होंने इन सब कार्यों के लिए विस अध्यक्ष को धन्यवाद दिया।

सम्मान समारोह के पश्चात विधान सभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि गैरसैंण उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के भावनाओं का प्रतीक है इसका विकास करना हम सब लोगों की प्रतिबद्धता है। श्री अग्रवाल ने गैरसेंड में मिनी सचिवालय एवं विधानसभा भवन परिसर के विस्तार के लिए सरकार द्वारा 25 हजार करोड रुपए की कार्य योजना बनाने को लेकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### सीएम योगी आदित्यनाथ झूठ बोलने से नहीं चूके हैः भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री दिवाकर भटट ने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों को लेकर किसी तरीके के विवाद में होने है पर टिप्पणी की है और कहा कि वह झूठ बोल रहे है। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय कार्यालय में उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा है कि आज परिसंपत्तियों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। दिवाकर भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अयोग्यता के कारण आज उत्तराखंड उत्तर प्रदेश का उपनिवेश बनकर रह गया है।

दिवाकर भट्ट ने कहा कि पिछले दिनों बद्रीनाथ जैसे पवित्र धाम में भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झूठ बोलने से नहीं चूके है। उन्होंने मीडिया ने कह दिया कि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच कोई परिसंपत्तियों का विवाद शेष नहीं है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।